भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 1418

गुरूवार, 30 जुलाई, 2026/8 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

आंध्र प्रदेश में पर्यटन परियोजनाएं

1418 श्री मेदा रघुनाधा रेड्डी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आंध्र प्रदेश में वर्ष 2024-25 और वर्ष 2025-26 के दौरान स्वदेश दर्शन 2.0 और प्रसाद योजनाओं के अंतर्गत संस्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और उनके अंतर्गत कितनी राशि संस्वीकृत और जारी की गई है;

(ख) क्या इन योजनाओं के अंतर्गत राज्य से कोई प्रस्ताव अनुमोदन के लिए लंबित हैं; और

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन 2.0' तथा 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी चल रही योजनाओं के माध्यम से देश में पर्यटन से संबंधित अवसंरचना के विकास के लिए आंध्र प्रदेश राज्य सहित राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान कर उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

आंध्र प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 और प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख) और (ग): पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और निर्धारित शर्तों की पूर्ति तथा निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

*****

अनुबंध

श्री मेदा रघुनाधा रेड्डी द्वारा आंध्र प्रदेश में पर्यटन परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 30.07.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1418 के भाग (क) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**राज्य**	**गंतव्य**	**अनुभव का नाम**	**स्वीकृति तिथि**	**स्वीकृत राशि**	**प्राधिकृत राशि**
1.	आंध्र प्रदेश	बापतला	सूर्यलंका बीच एक्सपीरियंस का विकास	29.03.2025	97.52	48.76
2.	आंध्र प्रदेश	अरक्कू-लम्बासिंगी	अरक्कू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस	05.03.2024	29.88	14.94

प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**राज्य**	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**प्राधिकृत राशि**
1.	आंध्र प्रदेश	2015-16	पर्यटक गंतव्य के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिले का विकास	27.77	27.77
2.	आंध्र प्रदेश	2017-18	श्रीसैलम मंदिर का विकास	43.08	43.08
3.	आंध्र प्रदेश	2022-23	विशाखापत्तनम मंदिर में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम	54.04	27.37
4.	आंध्र प्रदेश	2024-25	अन्नावरम मंदिर शहर में तीर्थ पर्यटन अवसंरचना का विकास	25.33	13.79

*****